# ब्लाक प्लेसमेंट का विवरण

| क्र. | दिनांक | 06–03–2022 | 07–03–2022 | 08–03–2022 | 09–03–2022 | 10–03–2022 | 11–03–2022 | 12–03–2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थान का नाम | ग्राम – कोढ़िया | ग्राम – पंचायत पाउवारा | ग्राम – पंचायत निकुम | पद्मनाभपुर – दुर्ग | ग्राम पंचायत – तिरगा दुर्ग | चौबे कालोनी रायपुर | ग्राम पंचायत –रिशामा दुर्ग |
| 2 | गतिविधियॉं | नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के तत्वाधन में आस पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम | डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों का कार्डर निर्माण | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों का कार्डर निर्माण | आंगनबाड़ी में स्वच्छता व जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम | पर्सनल कांटेक्ट प्रोग्राम एवं डिजिटल फॉड की जानकारी | सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र रायपुर | डिजिटल फॉड की जानकारी |

| क्र. | दिनांक | 13–03–2022 | 14–03–2022 | 15–03–2022 | 16–03–2022 | 17–03–2022 | 19–03–2022 | 20–03–2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थान का नाम | ग्राम – जंजगिरी | नगर पंचायत – अर्जुन्दा बालोद | नगर पंचायत – अर्जुन्दा बालोद | ग्राम पंचायत – रिशामा दुर्ग | ग्राम पंचायत – बोरीगारका दुर्ग | पद्मनाभपुर – दुर्ग | ग्राम पंचायत – कानाकोट |
| 2 | गतिविधियॉं | विशाल महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह | नुक्कड़ नाटक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कृषक कार्यो का अवलोकन | नगर पंचायत की सेवाओं एवं कार्यविधि की जानकारी | गौठान में सोकता गढ्ढा निर्माण कैच द रैन के तहत जलसंरक्षण की जानकारी | सेवा सहकारी समिति बोरीगारका में वृक्षारोपण का कार्यक्रम | प्रतिज्ञा विकास संस्थान में चल रहे समाजिक गतिविधियों की जानकारी | ग्राम पंचायत कानाकोट में मनरेगा मजदूरों को डिजिटल फॉड की जानकारी |

| क्र. | दिनांक | 21–03–2022 | 22–03–2022 | 23–03–2022 | 24–03–2022 | 25–03–2022 | 26–03–2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थान का नाम | पद्मनाभपुर – दुर्ग | ग्राम पंचायत – मचांदूर दुर्ग | ग्राम पंचायत – कानाकोट | राजनांदगांव | ग्राम – पंचायत निकुम | एन.वाइ.के. आफिस – पद्मनाभपुर – दुर्ग |
| 2 | गतिविधियॉं | संयुक्त कलेक्टर द्वारा सी.एस.सी. पंजीयन की जानकारी | ग्रामीणों को डिजिटल फॉड की जानकारी आयोजन | ग्राम पंचायत कानाकोट में शहिद दिवस कार्यक्रम का | एन.वाइ.के. आफिस राजनांदगांव में एन.जी.ओ. पंजीयन की जानकारी | जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीण जन जागरूकता | श्री नितिन शर्मा सर के साथ समीक्षा बैठक |

# समुदाय में समाज कार्य

| एक दिवसीय ग्रामीण शिविर, जागरूकता रैली | | | एक दिवसीय चिकित्सा शिविर | खेलकुद व सांस्कृतिक कार्यक्रम | दो दिवसीय ग्रामीण सहभागी आंकलन प्रशिक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रथम दिवस | द्वितीय दिवस |
| क्र | दिनांक | 09–04–2022 | 12–04–2022 | 13–04–2022 | 20–04–2022 | 21–04–2022 |
| 1 | स्थान का नाम | ग्राम – निकुम | ग्राम – सेलुद | ग्राम – चिंगरी | शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा | ग्राम अण्डा व शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा |

# (खण्ड – अ)

# ब्लाक प्लेसमेंट

# पहला दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | नेहरूयुवा केंद्र के तत्वाधान में आस पड़ोस युवासांसद कार्यक्रम |
| स्थान का नाम | – | ग्राम कोढ़िया |
| दिनांक | – | 06/03/2022 |
| दिन | – | रविवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

एजेंसी प्लेसमेंट के पहले दिन नेहरूयुवा केंद्र के तत्वाधान में आस पड़ोस युवासांसद कार्यक्रम ग्राम कोढ़िया पहंचे। नेहरू युवा केंद्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन एवं शौर्ययुवा संगठन के सहयोग से आदर्श ग्राम कोढ़िया में राष्ट्रिय युवा नेतृत्व कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के गृहमंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षतान ने.यु.केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी श्री नितिन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर दुर्ग श्री प्रवीन वर्मा, पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले, मिनिमाता सम्मान प्राप्त अमृता बारले, जिला पंचायत दुर्ग कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत दुर्ग कृषि सभापति राकेश हिरवानी, ग्राम कोढ़िया सरपंच चंद्रभान सारथी, उप सरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर उपस्थित थे।

ने.यु.केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी श्री नितिन शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की युवाओं नेतृत्व क्षमता के विकास एवं संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान करने के लिए यह आयोजन किया जाता है । इस आयोजन के माध्यम से समसामयिक एवं स्थानिय मुद्दों पर युवाओं के वाद – विवाद कराया जाता है, साथ ही उनके विचारों के माध्यम से परेशानियों को दूर करने का रणनिती तैयार किया जाता है।







## कोड़िया में हुआ जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का हुआ आयोजन

**जिलेभर के 200 से ज्यादा युवाओं ने लिया हिस्सा, नेहरू युवा केन्द्र युवाओं को हर दृष्टिकोण से तैयार करती है- गृहमंत्री**



[illegible]

आस पड़ोस युवासांसद कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# दूसरा दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों का कार्डर निर्माण |
| स्थान का नाम | – | ग्राम पंचायत पाउवारा |
| दिनांक | – | 07 / 03 / 2022 |
| दिन | – | सोमवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

दूसरे दिन में हमने ग्राम पाउवारा में पहुंचकर सरपंच महोदय श्री वामन कुमार साहू ग्राम पंचायत पाउवारा के साथ मिलकर समस्त ग्रामीणें को ऑनलाईन डिजिटल फ्रॉड व ग्राम में उपयोगी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आम ग्रामीणें को समस्त लेन देन की सुविधा के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।






डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों
का कार्डर निर्माणकार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# तीसरा दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों का कार्डर निर्माण |
| स्थान का नाम | – | ग्राम पंचायत निकुम |
| दिनांक | – | 08 / 03 / 2022 |
| दिन | – | मंगलवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

तीसरे दिन में हमने ग्राम पंचायत निकुम मे पहुंचकर 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरपंच श्रीमती मुक्ति सुधाकर मैडम व उप सरपंच श्री जी. एस. बेलचंदन सर की उपस्थिति में विशाल महिला दिवस का आयोजन रखा गया था। जिनमें समस्त उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया गया और नारी सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।







अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# तीसरा दिन

कार्यक्रम का नाम – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं डिजिटल सुविधा प्रदान किए जाने हेतु बैंक मित्रों का कार्डर निर्माण

स्थान का नाम – ग्राम पंचायत निकुम

दिनांक – 08 / 03 / 2022

दिन – मंगलवार

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

तीसरे दिन में हमने ग्राम पंचायत निकुम मे पहुंचकर 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरपंच श्रीमती मुक्ति सुधाकर मैडम व उप सरपंच श्री जी. एस. बेलचंदन सर की उपस्थिति में विशाल महिला दिवस का आयोजन रखा गया था। जिनमें समस्त उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया गया और नारी सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।







अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# चौथा दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | आंगनबाड़ी में स्वच्छता, जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम |
| स्थान का नाम | – | पद्मनाभपुर दुर्ग |
| दिनांक | – | 09 / 03 / 2022 |
| दिन | – | बुधवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

चौथे दिन हमने पद्मनाभपुर दुर्ग के आंगनबाड़ी में पहुंचकर स्वच्छता पकवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी व इनके आस–पास के जगहों का साफ – सफाई करके श्रम दान किया गया व छोटे – छोटे बच्चों के रहन सहन के बारे में बताया गया । बच्चों के पोषण आहार के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया ।





आंगनबाड़ी में स्वच्छता, जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# पांचवा दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम एवं डिजिटल फ्रॉड की जानकारी |
| स्थान का नाम | – | तिरगा दुर्ग |
| दिनांक | – | 10/03/2022 |
| दिन | – | गुरूवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

पांचवे दिन हमने ग्राम तिरगा में पहुंचकर ग्राम पंचायत भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी रिवेन्द्र यादव जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माया बेलचंदन जी एवं श्री घसिया राम देशमुख जी सरपंच ग्राम पंचायत तिरगा व श्रीमती मुक्ति सुधाकर जी सरपंच ग्राम पंचायत निकुम एवं अन्य समस्त सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित समस्त ग्रामीणो को पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम एवं डिजिटल फ्रॉड के तहत लोक सेवा केंद्र के कार्यों की जानकारी व ग्रामीणों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।








पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम एवं डिजिटल फ्रॉड कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# छठवां दिन

कार्यक्रम का नाम – सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र रायपुर (छ.ग.)

स्थान का नाम – चौबे कॉलोनी रायपुर

दिनांक – 11/03/2022

दिन – शुक्रवार

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

छठवें दिन हमने राजधानी रायपुर में स्थित सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र चौबो कॉलोनी रायपुर पहुंचकर वहां के अध्यक्ष श्री झुमुन गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री जसपिंदर भाटिया, व संचालक श्री हरीश तिवारी, डायरेक्टर श्री सत्यनारायन शर्मा, सी.ई.ओ. मूलकार्यकारिणी अधिकारी श्री विवेक पाण्डेय से मुलाकात किये ।

पुंजीवाद व समाजवाद के बीच का रास्ता सहकारिता है। सहकारिता का मतलब साथ में मिलकर काम करना। प्राथमिक स्तर पर सहकारी संघ, जिला स्तरीय जिला सहकारी संघ, राज्य स्तर पर राज्य सहकारी संघ (पूरे राज्य के सहकारी बैंक, मत्स्य दुग्द संघों के माध्यम से जुड़ा होता है )

वहां राज्य सहकारी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।












सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में लिया गया फोटो

# सातवां दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | डिजिटल फॉड की जानकारी |
| स्थान का नाम | – | रिसामा दुर्ग |
| दिनांक | – | 12 / 03 / 2022 |
| दिन | – | शनिवार |

## कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

सातवें दिन ग्राम पंचायत रिसामा में पहुंचकर वहां के सरपंच श्रीमती गीता महानंद, उपसरपंच श्री मानसिंह निषाद से मिले ।कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित समस्त ग्रामीणो को पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम एवं डिजिटल फ्रॉड के तहत लोक सेवा केंद्र के कार्यो की जानकारी व ग्रामीणों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आम ग्रामीणें को समस्त लेन देन की सुविधा के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।






डिजिटल फॉड की जानकारी दौरान लिया गया फोटो

## आठवां दिन

कार्यक्रम का नाम – विशाल महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

स्थान का नाम – ग्राम जांजगीरी


दिनांक – 13/03/2022

दिन – रविवार

### कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–

आठवें दिन हमने ग्राम जांजगीरी में विशाल महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित होकर नारी सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान किया । कार्यक्रम में उपस्थित कृषि सभापति (जिला पंचायत दुर्ग) – श्रीमती योगिता चंद्राकर , जनपद पंचायत सदास्य – श्री देवेंद्र देशमुख , जांजगिरी सरपंच श्री रेखा चतुर्वेदी उपसरपंच – श्री मुरलीधर ठाकुर एवं समस्त अतिथगण । वहां उपस्थित समस्त नागरिकों को नारी की शक्ति व महानता के बारें में बताया गया ।





**विशाल महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो**

नौवा दिन

| | | |
|---|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | – | नुक्कड़ नाटक एवं जिला सहकारी बैंक के कृषक कार्यों का अवलोकन |
| स्थान का नाम | – | अर्जुन्दा बालोद |
| दिनांक | – | 14 / 03 / 2022 |
| दिन | – | सोमवार |

कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–


नौवें दिन हमने नगर पंचायत अर्जुन्दा पहुंचकर वहां वाजार चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया । नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां के लोगों को जन जागरूकता एवं जल संरक्षण के वारे में जानकारी प्रदान किया। एवं अपने–अपने घरों में सोकता गढ्ढा बनाने एवं वर्षा जल को संरक्षित करने के बारे में बताया ।

नगर अर्जुंदा में स्थित जिला सहकारी बैंक में पहुंचकर बैंक के द्वारा कृषकों को प्रदान किए जाने वाले समस्त कार्यों की जानकारी प्रदान किये । एवं गोधन न्याय योजना के तहत गांवों में महिला समूहों द्वारा निर्मित गोबर खाद की बिकरी व गुणवत्ता के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान किये ।











हरिभूमि

रायपुर - इस्पात ग्रामीण
Date 17 Mar 2022

# एमएसडब्लू के छात्रों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शील देवी महाविद्यालय अण्डा के एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के तत्वावधान में फ्लेसमेंट कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत अर्जुन्दा के प्रशासनिक कार्यों व मूलभूत योजनाओं की जानकारी के बाद सेवा सहकारी समिति मर्यादित अर्जुन्दा व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अर्जुन्दा में कृषि व कृषकों के लिये बैंकिंग सेवाओं और खाद तथा फसल बीमा से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। नगर पंचायत अर्जुन्दा के दाऊ चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वोट का महत्व, महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण पर प्रस्तुति दी। इस दौरान प्राध्यापक डालचन्द साहू, मिताली साहू, यादवेन्द्र साहू, शिवानी शर्मा, जागेश्वर साहू, मंजू यादव







राजराजेश्वरी पाटिल, पूजा चन्द्राकर, योगेन्द्र साहू, नेमीचन्द साहू, दिव्या देशलहरे, अनील देवांगन, हेमन्त देशमुख, गीतांजलि साहू, नगर पंचायत सीएमओ व पूरा स्टाफ उपस्थित था।

नुक्कड़ नाटक एवं जिला सहकारी बैंक के कृषक कार्यों का

अवलोकन दौरान लिया गया फोटो

## दशवां दिन

कार्यक्रम का नाम – नगर पंचायत की सेवाओं एवं कार्यविधि की जानकारी

स्थान का नाम – अर्जुन्दा बालोद

दिनांक – 15 / 03 / 2022

दिन – मंगलवार

**कार्यक्रम उन्मुखीकरण :–**

दशवें दिन नगर पंचायत अर्जुदा पहुंचकर नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री चंद्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती शुष्मा चंद्राकर,सी.एम.ओ. एवं समस्त उपस्थित पार्षदगण से मिले। नगर पंचायत के मूलभूत कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। साथ ही साथ नगर पंचायत के आय के स्त्रोतों व वहां के ग्रामीणों के आय के स्त्रोतों के बारें में जानकारी प्राप्त किया गया । नगर पंचायत द्वारा ग्रामीणों के लिए पेयजल व स्वच्छता के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया।




नगर पंचायत की सेवाओं एवं कार्यविधि की जानकारी लेते हुए लिया गया फोटो

# (खण्ड – ब)

# समुदाय में समाज कार्य

# समुदाय –अर्थ परिभाषा

## समुदाय काअर्थः–

शाब्दिक दृष्टि से समुदाय के अर्थ पर विचार करें तो हम पाते है किअंग्रेजी काCommunity ( समुदाय )शब्द दो लैटिन शब्दों - Comतथा Munisसे बना है । Comशब्द का अर्थ Togetherअर्थात एक साथ से और Munisका अर्थ Servingअर्थात सेवा करने से है । अन्य शब्दों के रूप में देखा जाये तो समुदाय का अर्थ यह होता है ।

समुदाय का अर्थ व्यक्तियों के ऐसे समूह मे हैजो निश्चित भू - भाग पर साथ - साथ रहते हैंऔर वे किसी एक उद्देश्य के लिए नहीं बल्कि सामान्य उद्देश्यों के लिए इकठ्ठेरहते हैं । उनका सम्पूर्ण जीवन सामान्यतः यही व्यतितहोता है ।

## समुदाय की परिभाषाः-

**बोगार्डस के अनुसार :–**"एक समुदाय एक ऐसा सामाजिक समूह है जिसमें कुछ अंशो में "हम की भावना "पायी जाती है तथा जो एक निश्चित क्षेत्र में रहता है । "

**ऑगवर्न तथा निमकॉफकेअनुसार :–**

"एक सीमित क्षेत्र में सामाजिक जीवन के सम्पूर्ण संगठन को समुदाय कहा जाता है ।

**समुदाय कार्य के उद्देश्य :–**

•मानवीय आवश्यकताओं के विषय में तथ्यों की जानकारी प्राप्त करना ।

•गांव के लोगों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना ।

•सेवा के स्तर में सुधार व विकास करना ।

•नैतिक एवं आर्थिक समर्थन का विकास करना ।

• समुदाय की मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दशा एवं समस्याओं का वास्तविक ज्ञान करना तथा समुदाय में जागरूकता फैलाना ।

**<u>सामुदायिक कार्य का महत्व</u>:–**

- लोगों को स्वयं की समस्या को सुलझाने के लिए आत्मनिर्भर बनाना ।
- सामुदायिक कार्य के माध्यम से वहां की समस्याओं का पता लगाकर समाजिक शैक्षणिकएवं राज्य क्षेत्र की योजनाओ द्वारा निवारण कार्यक्रम बनाने में सहायता करती है ।
- व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करना ।
- सामुदायिक विकास हेतु लोगों को प्रेरित किया जाता है ।

**<u>समुदाय का विवरण :–</u>**सामुदायिक कार्य के रूप में अंडा ग्राम चयनित था अंडा ग्राम में श्रीमति लोमा सिन्हा मितानिन है । गांव के अधिकतर लोग कृषि पर आश्रित हैं । यहां की जनसंख्या 2389 है । यह ग्राम दुर्ग से 12 कि.मी दूरी पर स्थित है । गांव में 3 आँगनबाड़ी केन्द्र है एवं 9 मितानिन है । गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र है । यहां मानस भवन , सांस्कृतिक भवन है । इस गांव में 12 वीं कक्षा तक की शिक्षा है । यहां कृषि के लिए सिंचाई तथा पीने के लिए पानी की पर्याप्त सुविधा है । यहां की सड़के पक्की है ।

**<u>समुदाय की समस्याएँ :–</u>**

- साफ - सफाई की समस्या
- गौठान की समस्या
- जल की समस्या आवागमन के लिए संशाधनो का अभाव
- टीकाकरण के समय लोगों का सही तरीके से सहयोग न मिलना ।

# एक दिवसीय ग्रामीण शिविर

स्थान – ग्राम निकुम

दिनांक – 09/04/2022

दिन – शनिवार

## ग्रामीण शिविर का उद्देश्य :-

ग्राम निकुमकी आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन कर ग्रामीणों की समस्याओं को जानना एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को समस्याओं के प्रति जागरूक करना ।

## कार्य योजना :-

- सर्वेक्षण एवं अवलोकन कार्य
- जागरूकता कार्यक्रम रैली कविताए , समूह जागरूकता गीत
- सरपंच से समूह चर्चा
- गाँव के लिए भावी योजना
- धन्यवाद ज्ञापन

## ग्राम का सामान्य परिचय :-

ग्राम निकुमदुर्ग से लगभग 22 किमी की दूरी पर स्थित है । यह ग्राम दुर्ग जिले केअंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत है । ग्राम के अधिकांश निवासी कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर करते हैं कुछ लोग स्वयं के व्यवसाय ईवा, कुछ लोग सरकारी नौकरी तथा कुछ लोग रोजगार के लिए शहरों में आश्रित है । ग्राम निकुममें सहकारी पूर्व माध्यमिक शाला तक ही पढ़ने के लिए विद्यालय स्थित है जहाँ अच्छी शिक्षा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है । गाँव में छोटे बच्चे के शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र है । | यहाँ पर उनके सामाजिक समूह , युवा समूह एवं मितानिन आदि है । गाँव की सामाजिक , आर्थिक स्थिति सामान्य है ।

## ग्राम निकुमकी विशेषता:–

1 यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है ।

2 महिलाओं का स्व सहायता समूह है ।

3 ग्राम पंचायत में 8 पदाधिकारी महिलाएं हैं ।

4 हैण्डपम्प की संख्या 27 है ।

5 आंगनबाड़ी की संख्या 4 है ।

## ग्राम निकुमकी समस्याए:–

1 गांव में गर्मी के दिनों में पानी की अत्यधिक समस्या होती है ।

2 गांव में नशाखोरी की समस्या है ।

3 गांव में कोई प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है ।

4 उच्च शिक्षा की सुविधा नहीं है ।

## सुझाव:–

1 प्रशिक्षण केन्द्र होना चाहिए ।

2 उच्च शिक्षा की सुविधा गांव में होनी चाहिए ।

## ग्रामीण शिविर का समाज कार्य का महत्व:–

1 हम समाजकार्य के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य हेतु एक अनोखा अनुभव।

2 हम समाज कार्य के विद्यार्थियों के लिये ग्रामीण परिवेश में कार्य करने का पूर्वज्ञान।

3 हम समाज कार्य के विद्यार्थियों के लिये ग्रामीण के जीवन शैली के बारे में जानकारी प्राप्त करना ।

## धन्यवाद ज्ञापन:–

कार्यक्रम के अंत में हमारे कालेज की सहायक प्रध्यापक **श्री ढालसिंहसाहूसर** तथा विद्यार्थियों द्वारा ग्राम के सरपंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद

ज्ञापन किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में पुनः आने का विश्वास दिलाया ।

**निष्कर्ष :-**

•अधिकांश ग्रामीण जीविकोपार्जन हेतु मजदुरी तथा कृषि पर आश्रित है ।

•अधिकांश महिलाऐं अशिक्षित है तथा मजदुरी करती है ।

•बेरोजगारी की समस्या अधिक है ।

• गांव में कई बुराईयाहै जैसे जुआं, नशाखोरी आदि ।

• गांव में शिक्षा की उचित व्यवस्था की कमी है ।

अध्ययनकर्ता का सुझाव :-

•गांव में जागरुकता कार्यक्रम होना चाहिए ।

• स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है ।

•गांव में महिलाओं की शिक्षा वस्वास्थ्य तथा स्वच्छता पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए ।

•पंचायत स्तर की विभिन्न सरकारी योजनाओं का कियान्वयन सुचारु रूप से होना चाहिए ।

•गांवो में नशीली पदार्थों का सेवन अधिकतर लोग करते हैं उन्हें इससे दूर रहने के लिए जागरूक करना चाहिए ।

• लोगों में एकरूपता लाना एवं आपसी सामंजस्य बनाना ।

• बच्चों को खेल में रुची लेने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए ।






एक दिवसीय ग्रामीण रैली के दौरान लिया गया फोटो

# एक दिवसीय चिकित्सा शिविर

टीकाकरण के लिए प्रेरित हेल्प कैंप

स्थान – ग्राम सेलुद

दिनांक – 12/04/2022

दिन – मंगलवार

**ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य :–**

स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत ग्राम सेलुदमें स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्देश्य गाँव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी वस्वास्थ्य परिक्षण और स्वास्थ्य के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करना था ।

क्षेत्रीय कार्य के अंतर्गत हमने ग्राम सेलुदमें एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसका उद्देश्य गाँव के लोगो को चिकित्सा सम्बन्धी जानकारी एवं साफसफाई तथा बच्चों के पोषण सम्बन्धी जानकारी देना था ।

शिविर के दौरान लोगों के स्वास्थ्य संबंधी बीपी, शुगर,खून जांच,नेत्र जांच, कोरोना जांच आदि के परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई ।

हमने लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया एवं उसके महत्व को बताने सेलुदगांव के स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण केंद्र पर जाकर मेडिकल कैप लगाकर यहाँ स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता की तथा लोगों को कोरोना के प्रति पोस्टर बैनर आदि में जागरूकता नारेलिखकर और जागरूकता चित्र आदि बनाकर जागरूक किया ।

ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में हमने लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रोत्साहित किया । शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया । सेक्टर सुपरवाइजर श्री आर. के. टंडन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री जोशी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती जया ठाकुरके नेतृत्व में उनकी मेडिकल टीम ने हमें शिविर हेतु सहयोग प्रदान किया ।










एक दिवसीय चिकित्सा शिविर शिविर के दौरान लिया गया फोटो

# खेल कुद व सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्थान – ग्राम चिंगरी

दिनांक – 13 / 04 / 2022

दिन – बुधवार

## प्रस्तावना :–

आज हम शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के एम.एस.डब्ल्यू के द्वितीय सेमेस्टर व चतुर्थ सेमेस्टरके सभी छात्र छात्राए ग्राम चिंगरीपहुंचे । यहाँ पर हमने प्राथमिकशाला चिंगरीके प्रधानपाठक सरकी सहायता से कार्यक्रम के अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती पुष्पा देशमुखप्रधानपाठकएवं हमारे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री ढालसिंहसाहू सर जी उपस्थित थे ।

## रैली, खेल–कुद व सांस्कृतिक कार्यक्रम :–

हमारे महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा रैली कार्यक्रम किया गया।फिर गाँव के बच्चोंका खेल - कूद का कार्यक्रम कराया गया । इस कार्यक्रम में गाँव के बच्चे बड़ी ही उत्सुकता के साथ खेल कूद में भाग लिया । फिर हमारे महाविद्यालय के छात्रा छात्राओ के द्वारा स्कूल परिसर में सभी छात्रा एवं छात्राओं के समक्ष कोरोना जागरूकता विषय पर नुक्कड़नाटक प्रस्तुत किया गया तथा बच्चे के लिए खेल प्रतियोगिता भी रखा गया।जैसे :–

- दौड
- कुर्सी दौड़
- रिले रेस
- नुक्कड़ नाटक

यह कार्यक्रम बालक एवं बालिकाओ दोनों के लिए था । जिसमे हमने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ग के विजेताओ बच्चो के लिए ईनाम भी रखा गया था । इन सभी कार्यक्रम में गाँव वालो तथा स्कूल के बच्चों ने हमारा पूरा सहयोग दिया तथा हमारे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का पूरा पूरा सहयोग मिला।

जिसके लिए हम सभी छात्र छात्राएं ग्रामवासियों का तहे दिल से धन्यवाद व आभार प्रकट करते हैं।





खेल–कुद कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो









सांस्कुतिक कार्यक्रम के दौरान लिया गया फोटो

# ( खण्ड – स )

# दो दिवसीय ग्रामीण सहभागी आंकलन प्रशिक्षण

# दो दिवसीय ग्रामीण सहभागी आंकलन कार्यक्रम

## प्रथम दिवस

विषय – गैर सरकारी संगठन निर्माण

दिनांक – 20/04/2022

दिन – बुधवार

**गैर सरकारी संगठन की भूमिका :–**

गैर सरकारी संगठन की उपस्थिति नागरिको की आवाज को अभिव्यक्ति देकर सहभागी लोकतंत्र को समक्ष बनाती है। ये निम्नलिखित माध्यमों से जनता और सरकार के बीच प्रभावी गैर – राजनीतिक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

परापर्श और रानीतिक सहयोग, जहां सरकार के द्वारा गठित कमिटियों टास्क फोर्स और सलाहकार पैनल में गैर सरकारी संगठनों को शामिल कर उनकी विशेषज्ञता का उपयोग किया जाता है।

जागरूकता फैलाने सामाजिक एकजुटता, सेवा वितरण, प्रशिक्षण, अध्ययन व अनुसंधान एवं सार्वजनिक अपेक्षा को स्वर देने में यह सहयोग करते हैं। सरकार के प्रदर्शन पर संवाद व निगरानी द्वारा वे राजनीतिक जवाबदेही सुनिश्चित कराते हैं।

भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार या मनरेगा व सबसे महत्वपूर्ण सूचना का अधिकार जैसे कई प्रमुख विधेयक गैरसरकारी संगठनों का हस्ताक्षेप से ही पारित हुए हैं।

**एन.जी.ओ. का अर्थ :–**

एनजीओ का अर्थ होता है गैर सरकारी संगठन एनजीओ एक नीजी संगठन होता है जो लोंगो का दुख – दर्द, दूर करने निर्धनो

के हितों का संवर्धन करने, पर्यावरण की रक्षा करने, बुनियादी सामाजिक सेवाएं प्रदान करने अथवा सामुदायिक विकास के लिए गतिविधियां चलाता है।


वे गैर लाभकारी होते हैं वे लाभ का वितरण अपने मालिकों और निर्देशको के बीच नही करते बल्कि प्राप्त लाभ को संगठन में ही लगाना होता है वे किसी सार्वजनिक उद्देश्य को ही लक्षित होते हैं।

गैर सरकारी संस्थाओं को विदेशी धन प्राप्त करने के लिए एफ.सी.आर.ए. 2010 के अंतर्गत पंजीकृत होना पडता है या पूर्व अनुमत लेनी होती है।


भारत में गैर सरकारी संगठनों की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कोई एक विशेष कानून अथवा शौर्य संगठन नही है।

**समूह निर्माण का समाज कार्य में महत्व :–**


- सहभागी बनाकर समाज कल्याण करना।
- सामाजिक गतिविधियों का विश्लेषण एवं अध्ययन।
- अध्ययन इकाई की सही गलत का ज्ञान ।
- भाषा उन्ही के अनुसार होना चाहिए ।



शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में मास्टर ट्रेनर श्री महेन्द्र सिन्हा सर जी द्वारा **M.S.W.** के छात्र–छात्राओं को वर्क शॉप की ट्रेनिंग देते हुए।









# द्वितीय दिवस

विषय – प्रशिक्षण

दिनांक – 21/04/2022

दिन – गुरूवार

**परिभाषा :–**

प्रशिक्षण वह विद्या है जिसमें हमारा एटिट्यूड, स्किल एवं नॉलेज का विकास होता है उसे प्रशिक्षण कहते है।

**प्रशिक्षण का प्रकार :–**

प्रशिक्षण दो प्रकार के होते हैं –

परम्परागत प्रशिक्षण | सहभागी प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण की रूपरेखा/प्रारूप :–**

प्रशिक्षण का प्रारूप तैयार करने में निमलिखित बातों की आवश्यकता होती है ।

- प्रशिक्षण का नाम
- उद्देश्य
  - महिला जन प्रतिनिधियों की क्षमता में वृध्दि
  - कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए
  - समाज के विकास एवं कल्याण के लिए

- समाज में सम्मान प्राप्त करने के लिए
- आत्मनिर्भर बनाने के लिए
- व्यक्तित्व विकास के लिए
- लगों में जागरूकता लाने के लिए

**गतिविधि** :– परिस्थिक आकलन

- हितग्राहियों का चयन
- भाषा के अनुरूप प्रशिक्षण
- कार्य स्थल का चयन
- प्रशिक्षक अनुभवी एवं जानकार
- अतिथि वक्ता, विशेषज्ञ (विषय)
- अतिथि चयन
- प्रशिक्षण की तैयारी
- अवधि (3 दिवसीय)
- आवासीय गैर आवासीय
- फिड बैक
- फॉलोअप – 1 प्रतिवेद
  2 हितग्राही से संवाद प्रत्यक्ष भेंट

फिडबैक सिध्दांत

- बिना मांगे नही देना चाहिए
- नकारात्मक नही देना चाहिए
- मूल्यांकन आधारित नही होना चाहिए

**विधि** :–

1 ट्रस्ट वॉक
2 माइक्रो लैब
3 रोल प्ले

4 सिमुलेशन
5 शैक्षणिक खेल
6 प्रेरणा गीत
7 भाषण

**ग्रीम एक्सरसाइज** :–

| | | |
|---|---|---|
| सुक्ष्म | | समाज |
| समाज | | सुक्ष्म |
| समाज | स्वयं | सुक्ष्म |

**समाज कार्य में प्रशिक्षण का महत्व** :–

1 वैधानिक मार्गदर्शन
2 फंड राइजिंग
3 समाजिक विकास के लिए
4 सिलेबस, पाठ्यक्रम
5 सरकारी योजना 13000 लगभग
6 गैर सरकारी संस्था निर्माण के लिए
7 एन.जी.ओ. एकाउंटिंग
8 एन.जी.ओ. नेटवर्क
9 प्रतिवेदन
10 प्रपोजल
11 प्रपत्र निर्माण
12 जिला प्रबंधन
13 समय प्रबंधन
14 विजन मिशन
15 डाटा आकलन
16 प्रशिक्षण
17 जॉचना
18 दस्तावेज (700 प्रकार)
19 संस्थागत विकास

20 पी.आर.ए.
21 टी. ओ. टी.
22 सोशल ऑडिट
23 स्व सहायता समूह
24 पंचायती राज
25 वर्क शॉप, सेमिनार
26 काउनसिलिंग
27 एन.आर.एच.एम.
28 एन.एच.एम.
29 एन.यू.एच.एम.
30 एन.यू.एल.एम.